## महत्वपूर्ण एवं खास

### सरोना में रेलवे का ट्रांसफार्मर का क्वाइल चोरी, जांच में जुटी आरपीएफ, 2 गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** आरपीएफ पोस्ट रायपुर के अधिन आने वाले सरोना इलाके में रेलवे के पंप हाउस में लगे ट्रांसफार्मर के क्वाइल के चोरी होने का मामला सामने आया है. आरपीएफ रायपुर की मुस्तैदी से दो चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है, बाकी की तलाश जारी है। आरपीएफ पोस्ट रायपुर के निरीक्षक एमके मुखर्जी के मुताबिक पंप हाउस में ट्रांसफार्मर के क्वाइल को कुछ संदिग्ध आरोपी ऑटो में ले गए थे. जिसके बाद आरपीएफ ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की, जिसके बाद 2 आरोपियों को गिरफ्तार करने में आरपीएफ को सफलता मिली है, आरपीएफ के मुताबिक आरोपियों से पूछताछ जारी है और उनके अन्य साथी की तलाश में छापेमारी की जा रही है. चोरी हुए क्वाइल की कीमत करीब 35 हजार रूपए आंकी गई है. बता दें कि चोरी की चोरी की घटना सामने आने के बाद रायपुर रेल मंडल के वरिष्ठ अधिकारी शुक्रवार को घटना स्थल में पहुंचे थे।

### तलवार से काट रहा था केक, बर्थडे ब्वॉय सहित चार गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** बीती रात आजाद चौक थाना क्षेत्र के राजकुमार कॉलेज के पास कुछ व्यक्तियों द्वारा आम रोड में अपनी चारपहिया वाहन पर केक रखकर एक व्यक्ति जिसका जन्मदिन था वह तलवार से केक काट रहा था तथा अन्य व्यक्ति भी अपने हाथों में तलवार लेकर लहराते हुए अनैतिक भाषाओं का प्रयोग कर डांस कर रहें थे जिसका विडियो वायरल हुआ था। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि वीडियो वायरल होने के बाद एन्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी आजाद चौक पुलिस की संयुक्त टीम ने विडियो में दिख रहे व्यक्तियों की पतासाजी करते हुए आरोपी मोहसीन खान 30 वर्ष निवासी ईदगाहभाठा, शेख मुख्तार उर्फ लल्लू पठान 38 वर्ष निवासी कैलाशपुरी, सोनू उर्फ मोहम्मद आदिल 30 वर्ष निवासी राजातालाब, निजामुद्दीन उर्फ युसुफ 38 वर्ष निवासी ईदगाहभाठा एवं सैय्यद इमरोज अली उर्फ पीला 30 वर्ष निवासी राजातालाब को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त तलवार एवं चारपहिया वाहन को जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 283, 34 एवं 25, 27 आम्र्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### चोरी करने घुसे चोर को घरवालों-ग्रामीणों ने पीटा : मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** मंदिर हसौद इलाके में चोरी करने की नीयत से एक घर में घुसे युवक को घरवालों ने पकड़ लिया। उसे रात भर बंधक बनाकर रखने तथा जमकर पिटाई की गई। उसे जब अस्पताल लाया गया तो चिकित्कों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अब पुलिस ने मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मृतक चोर का नाम राजेश रैला था और ग्राम चंदखुरी में रहता था। मृतक राजेश रैला शराब पीने का आदि था और शराब पीकर इधर उधर घुमता रहता था। 25-26 अगस्त की रात राजेश चोरी करने के लिए चंदखुरी गांव के ही तुलाराम धीवर के घर चोरी करने के लिए घुसा था। इस दौरान उसे चोरी करता देख तुलराम धीवर का बेटा असन धीवर जाग गया और उसे पकड़ लिया। असन ने के हल्ले से गांव के लोग भी जाग गए और मिलकर राजेश की जमकर पिटाई कर दी। इतना ही नहीं लहुलुहान राजेश के हाथ पैर बांधकर ग्रामीणों ने उसे निर्माणाधीन मकान में जमीन पर लेटा कर रात भर रखा। सुबह जब इस घटना की जानकारी राजेश के भाई मनोज को हुई तो वो निर्माणाधीन मकान में पहुंचा और गंभीर हालत में अपने भाई को मेकाहारा लाया। यहां पर उपचार के दौरान उसे डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद मृतक के भाई मनोज रैला की शिकायत पर पुलिस ने असन धीवर, सुनील वर्मा, भानु यादव, लेखु धुरव और उत्तम साहु के खिलाफ 147, 148, 302 के तहत अपराध दर्ज कर मामला जांच में लिया है।

# फिर आसमां छूने को तैयार पाटन के पर्वतारोही चमन लाल कोसे, अब माउंट किलीमंजरो फतह की बारी

- पहले भी 17,353 फीट की उंचाई पर फहराया छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का झंडा
- विंटर एक्सपीडिशन करने वाले छत्तीसगढ़ के पहले पर्वतारोही भी हैं

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ राज्य के दुर्ग जिले के पाटन के चमन लाल कोसे ने पर्वतारोहण क्षेत्र में नया रिकॉर्ड कायम करने जा रहे है। तंजानिया देश मे स्थित अफ्रीका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी माउंट किलीमंजारो फतह करेंगे। पर्वतारोही चमन का अपने कैरियर में अंतर्राष्ट्रीय अभियान की शुरुआत है।



छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने दिया आर्थिक सहयोग।

**अगले अभियान के लिए है तैयार**

अगले महीने 15 सितंबर को रायपुर से इस अभियान के लिए निकलेंगे। चमन अफ्रीका महाद्वीप के सबसे ऊंची चोटी माउंट किलिमंजारो (19,341 फिट / 5,895 मीटर) की ऊंची चोटी पर चढ़ाई करेंगे। जो कि महाद्वीपो के पहाड़ो की ऊँचाई की रैंकिंग में चौथा सबसे ऊंची चोटी है।

**अभियान का संक्षिप्त विवरण**

चमन लाल कोसे माउंट किलिमंजारो पीक को 8-10 दिनों में फतह करेंगे। इस दौरान लगभग माइनस (-15 डिग्री) तापमान तक मे ट्रेकिंग के द्वारा लगभग 53 किलोमीटर दूरी तय करके पूरा करेंगे।

**ये रही अभियान की विशेषता**

चमन लाल कोसे अल्पाइन टेक्निक क्लाइम्बिंग (अल्पाइन टेक्नीक क्लिम्बिंग) के साथ साथ विंटर एक्सपीडिशन (विंटर एंड पेडिशन) में एक्सपर्ट है। अल्पाइन टेक्निक से क्लाइम्बिंग यानी इस चढ़ाई में अमूमन 1-2 लोग ही होते हैं और अभियान को पूरा करते हैं। यह पर्वतारोहण के क्षेत्र में सबसे उच्चतम श्रेणी की विधा है। राष्ट्रीय स्तर पर विंटर एक्सपीडिशन करने वाले भी छत्तीसगढ़ के पहले व्यक्ति चमन लाल कोसे हैं। सर्वप्रथम अंतर्राष्ट्रीय स्तर के पहाड़ों पर छत्तीसगढ़ राज्य के प्रथम पर्वतारोही राहुल गुप्ता 'माउंटेन मेन' ने वर्ष 2015 से एक्सपीडिशन करना शुरू किया था।

पहले भी शिखर पर छत्तीसगढिया ओलंपिक का झंडा फहरा कर दिया था संदेश छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक को एडवेंचर स्पोट्र्स के जरिये बढ़ावा देने लिए चमन ने 17,353 फीट पर हिमाचल प्रदेश के माउंट फ्रेंडशिप पीक छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक का झंडा फहराया था। इस अभियान के लिए चमन लाल कोसे ने अपने विधायक और प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल का आभार व्यक्त अपने तरीके से किया है। चमन ने सीएम भूपेश बघेल को समर्पित करते हुए प्तपाटनवालेकका का पोस्टर शिखर पर फहराया था। उन्होंने कहा कका के सहयोग के बिना पर्वतारोही बन पाना संभव नहीं था।

**कौन हैं पाटन के चमन**

26 वर्षीय चमन लाल कोसे दुर्ग जिले के पाटन के निवासी हैं। चमन एक मध्यम वर्गीय परिवार के है। उनके पिता एक किसान हैं। साथ ही चमन वर्तमान समय में कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय रायपुर में समाजकार्य विभाग (रूस्ड्ख) के तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थी हैं।

**यहां मिली ट्रेनिंग**

पर्वतारोही चमन लाल कोसे ने सिक्किम के पर्वतारोहण संस्थान से माउंटेनियरिंग (पर्वतारोहण) और माउंट आबू, राजस्थान में स्थित स्वामी विवेकानंद इंस्टिट्यूट से रॉक क्लाइम्बिंग का कोर्स किया है। पर्वतारोहण जैसे साहसिक खेलों के क्षेत्र में पिछले 5 सालों का अनुभव रहा है। उन्होंने उत्तराखंड व छत्तीसगढ़ के एडवेंचर स्पोट्र्स बेस्ड कंपनी व संस्थान में भी काम सीखा है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का राजधानी रायपुर प्रवास 31 को

- समारोह में राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री भी रहेंगे उपस्थित
- प्रत्येक व्यक्ति को प्रोटोकाल के अनुसार पंजीयन करना होगा
- समारोह में शामिल होने के लिए आधार कार्ड और फोटो लगा प्रवेश पत्र जरूरी

**रायपुर, (आरएनएस)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के वार्षिक परियोजना सकारात्मक परिवर्तन वर्ष का छत्तीसगढ़ में शुभारम्भ करने राष्ट्रपति रायपुर आएंगी। इस अवसर पर 31 अगस्त को सुबह 11.50 बजे ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा विधानसभा मार्ग स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर रायपुर में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया है। समारोह में राज्यपाल बिश्वभूषण हरिचन्दन और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी देते हुए रायपुर सेवाकेन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने बतलाया कि समारोह में भाग लेने के लिए माउण्ट आबू से संस्थान के कार्यकारी सचिव ब्रह्माकुमार मृत्युजंय भाई रायपुर आएंगे। समारोह में इन्दौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रह्माकुमारी हेमलता दीदी, भिलाई केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी, शिक्षाविद सेवा प्रभाग की एडीशनल डायरेक्टर बीके लीना दीदी, न्यायविद सेवा प्रभाग के राष्ट्रीय समन्वयक बीके नथमल भाई भाग लेंगे। सकारात्मक परिवर्तन से आशय एक ऐसे सामाजिक और आध्यात्मिक परिवर्तन से हे जो कि सभी के लिए लाभकारी सिद्ध हो। यही व्यक्ति निर्माण, राष्ट्र निर्माण और विश्व निर्माण की प्रक्रिया है। इस कार्य में हम सभी को अपना योगदान देना होगा। सकारात्मक सोच से ही समाज में बदलाव आएगा। समारोह में भाग लेने के लिए माननीय राष्ट्रपति के



प्रोटोकाल के अनुसार हरेक प्रतिभागी को अपना पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। जिसके बाद उन्हें फोटो लगा हुआ प्रवेश पत्र दिया जाएगा। उस फोटोयुक्त प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड लाने पर ही उन्हें समारोह में प्रवेश की अनुमति होगी। यह प्रवेश पत्र केवल एक व्यक्ति के लिए मान्य होगा। समारोह में डेढ़ घण्टा पहले आना होगा। साथ में मोबाईल, बैग और ब्रीफकेस लाने की अनुमति नहीं होगी।

# श्रीराम गुरूकुलम् आश्रम पहडोर में संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ

**रायपुर ।** संस्कृत सप्ताह के प्रथम दिवस श्रीराम गुरूकुलम् संस्कृत विद्यापीठ आश्रम पहडोर, पचपेड़ी विकासखण्ड पाटन जिला दुर्ग में छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम् के अध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार शर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलित कर संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा दिया गया संस्कृत सप्ताह का संदेश वाचन संस्था के आचार्य दयाराम पुरोहित द्वारा किया गया। समारोह में गुरूकुलम् के छात्रों द्वारा श्लोक पाठ, गीता पाठ, संस्कृत गीत सहित विविध योगासनों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा संस्कृत



की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर आश्रम के संस्थापक डॉ. अरूण मढ़रिया, डॉ. बी. रघु सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दुर्ग, सचिव छत्तीसगढ़ संस्कृत विद्यामंडलम् अल्का दानी, सहायक संचालक लक्ष्मण साहू, संस्था के आचार्यगण एवं बड़ी संख्या में संस्कृत अनुरागी ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# छत्तीसगढ़ में अगले चार दिनों में तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ेगा तापमान, हल्की बारिश के आसार

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदलने वाला है और आज शनिवार को अधिकतम तापमान में कोई विशेष बदलाव नहीं होगा। उसके बाद अगले चार दिनों में अधिकतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होगी।

विभाग का कहना है हालांकि कुछ क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश के आसार है। लगभग सप्ताहभर से मानसून पर ब्रेक लगा हुआ है। पांच दिन बाद सावन का दूसरा महीना भी समाप्त हो जाएगा। इस बीच अंतिम दो दिनों में मानसून की सक्रियता के संकेत जरूर मिल रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार 28 अगस्त से मानसूनी बारिश हो सकती है।

बारिश न होने से अब अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो गई है और उमस में भी थोड़ी बढ़ोतरी हो रही है। शुक्रवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस प्रकार अधिकतम व न्यूनतम तापमान दोनों में ही एक डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि आने वाले दिनों में भी मौसम का मिजाज अभी ऐसा ही रहेगा। रक्षाबंधन तक मौसम के मिजाज में विशेष बदलाव नहीं होगा। एक जून से लेकर अब तक की स्थिति में प्रदेश में 17 फीसद कम बारिश हुई है। बीजापुर में सर्वाधिक और सरगुजा में सबसे कम बारिश हुई है।

# पलकों के पक्षाघात (प्टोसिस) का सफल उपचार चिरायु से हुआ संभव

**सारंगढ़ बिलाईगढ़ ।** कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी की मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निराला के कुशल नेतृत्व में चिरायु टीम निरंतर सफलता प्राप्त कर रही है। ऐसे ही चिरायु टीम सारंगढ़ के द्वारा अपने दैनिक स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम के दौरान बैगीनडीह निवासी बालक द्रुप निषाद उम्र 8 वर्ष जो पलकों के पक्षाघात जिसे चिकित्सकीय भाषा में प्टोसिस कहते हैं, इसमें पलक आंशिक या पूरी तरह से आंख को ढंक लेते हैं। जिससे देखने में समस्या होती है, लगभग आंख बंद सा दिखता है और देखने में असहज भी लगता है। जिसका एक मात्र ईलाज ऑपरेशन ही है जिसे ऑफथैलमिक सर्जन ऑपरेशन के माध्यम से ठीक करते हैं। चिरायु टीम अपने इस चिन्हित बच्चे को जांच व पहचान से लेकर इलाज व ऑपरेशन तक पूरी तरह से सम्पर्क में रहकर गाइड करता है और इलाज हेतु प्रेरित व सहयोग करता है। इस बच्चे का ऑपरेशन भाटिया नेत्रालय भिलाई में 8 अगस्त 2023 को ऑफथैलमिक सर्जन के द्वारा किया गया जो पूरी तरह निःशुल्क हुआ है। बच्चा अब पहले से बेहद स्वस्थ अनुभव कर रहा है। परिजन भी अपने गाइड चिरायु टीम व डॉक्टर की भूरी-भूरी प्रशंसा कर रही है साथ ही सरकार की इस योजना के लिए आभार प्रकट की हैं। जिला कार्यक्रम प्रबन्धक एन एल इजारदार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ सिदार, जिला नोडल (चिरायु) डॉ पी डी खरे, चिरायु टीम के डॉ नम्रता, डॉ प्रभा, डॉ गौरी जायसवाल, ललिता (ए एन एम) के विशेष सहयोग से इस चिन्हित बच्चे का सफल जांच व इलाज हो सका है।

उल्लेखनीय है कि जिले में संचालित चिरायु टीम के माध्यम से समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों व शासकीय स्कूलों में स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। पूरे सत्र में स्कूल के बच्चों का 1 बार और आंगनबाड़ी के बच्चों का 2 बार पूरे बीमारियों को 4 वर्गों में विभाजित कर इलाज हेतु चिन्हित कर उनको निःशुल्क स्वास्थ्य लाभ प्रदाय चिरायु टीम करती है। इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग के साथ ही साथ शिक्षा विभाग, महिला बाल विकास, पंचायत विभाग का अहम योगदान रहता है।

चिरायु टीम 4 डी'स ( डिफेक्ट्स - जन्मजात विकार, डिजीज - बीमारियां, डेफिशिएंसी - कमी से होने वाले विकार तथा डेवलपमेंटल डिले - विकास संबंधी देरी और विकलांगता) के ऊपर अपना काम करती है। इनके इलाज हेतु प्रथम वर्ग के लिए - जिला अस्पताल, मेडिकल कॉलेज, पी जी आई तथा एम्स आदि प्रमुख संस्थानों में व्यवस्था है। द्वितीय वर्ग के लिए - सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला अस्पताल स्तर पर व्यवस्था है। तृतीय वर्ग के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पोषण पुनर्वास केंद्र स्तर पर व्यवस्था है और चतुर्थ वर्ग के लिए जिला अस्पताल व शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र "जतन" स्तर पर इलाज की व्यवस्था है।

# खड़ी फसल वाले खेत में अचानक हुआ 32 फीट का गड्ढा

**धमतरी (आरएनएस)।** जिले के सेहराडबरी गांव में हैरान करने वाली घटना सामने आई है. किसान नागेश साहू के खेत में अचानक गड्ढा बन गया है, जो लोगों के लिए अबूझ पहेली बन गया है. घटना की जानकारी मिलने के बाद लोगों की भीड़ कौतुहलवश इस प्राकृतिक घटना का नजारा लेने उमड़ रड़ी है। सेहराडबरी के किसान नागेश साहू का बड़ा हिस्सा अचानक धंस गया, जिससे खेत के बीचो-बीच 17 मीटर व्यास का 32 फीट गहरा गड्ढा बन गया है. यही नहीं गड्ढे की गहराई धीरे-धीरे बढ़ती जा रही है. नागेश बताते हैं कि 20 तारीख को तेज बारिश की वजह से खेत में पानी भरा हुआ था. शाम को देखा तो जगह पर पानी का बुलबुला उठ रहा था. अगले दिन आकर देखा तो जमीन धंस गया था, उसके बाद धीरे-धीरे इस गड्ढे का लगातार विस्तार हो रहा है।



किसान के अनुसार, इस गड्ढे में उसके साथ-साथ आस-पास के खेतों के पानी समाता जा रहा है. ऐसे में धान की खड़ी फसल पर भी खतरा है. खेत के मालिक ने अपनी तरफ से प्रशासन को सूचना दी है, लेकिन अभी तक इस घटना पर जिला प्रशासन के किसी भी विभाग ने संज्ञान नहीं लिया है.

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी लकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य क्षय में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# मोटर सायकल, मोबाइल, लैपटॉप लूटपाट के मामले में जूटमिल पुलिस ने दो बदमाशों को किया गिरफ्तार

- आरोपियों से लूटी हुई मोटर सायकल और लैपटॉप बरामद, लूटपाट के अपराध में गए जेल

**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर गंभीर मामलों के फरार आरोपियों की धर पकड़ लगातार जारी है। इसी क्रम में जूटमिल पुलिस द्वारा विगत तीन माह से फरार चले रहे घरघोड़ा थाना क्षेत्र के दो बदमाश युवकों को मुखबिर लगाकर पकड़ा गया है दोनों बदमाशों ने बीते मई माह में जूटमिल थानाक्षेत्र अंतर्गत पटेलपाली-कोड़ातराई मेन रोड में एक व्यक्ति से मोटरसाइकिल, मोबाइल, लैपटॉप



की लूटपाट किया गया था।

घटना को लेकर विनोबा नगर बोईरदादर चक्रधरनगर निवासी पृथवी लाल चौहान (35 साल) द्वारा दिनांक 28.05.2023 को थाना जूटमिल में आवेदन देकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वे डेल्टा ईलेक्ट्रानिक्स में सर्विस इंजिनियर के पद पर पदस्थ होकर जिला रायगढ क्षेत्र का मोबाईल टावर में पावर सप्लाई मेंटनेंस का काम देखते हैं। दिनांक 27/05/2023 के रात्रि 08:00 बजे ग्राम टिमरलगा सारंगढ से घर रायगढ़ वापस आते समय कोड़ातराई और पटेलपाली के बीच दो अज्ञात लड़के एक नीला रंग की सी.डी. डिलक्स बिना नंबर प्लेट के मोटर सायकल से आकर इसे डरा धमकाकर मोटर सायकल सुपर स्प्लेण्डर क्र. सी0जी0 13 ए0के0 0397, एक नोकिया मोबाईल, एक लैपटाप एच.पी. कंपनी और पर्स को लूटकर भाग गये। थाना जूटमिल में अज्ञात दो लड़के पर लूट का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना दरम्यान दोनों संदिग्धों युवक महावीर सोनवानी और रमेश महंत निवासी घरघोड़ा की पहचान पुलिस द्वारा की गई थी। दोनों आरोपी पकड़े जाने के डर से फरार थे। थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक राम किंकर यादव द्वारा आरोपियों पर मुखबिर लगाकर रखा गया था जिन्हें आज दबिश देकर पकड़ा गया है। आरोपी (1) महावीर सोनवानी पिता स्वर्गीय फूलचंद सोनवानी उम्र 22 साल निवासी वार्ड क्रमांक 4 अंबेडकर नगर थाना घरघोड़ा (2) रमेश महंत पिता भोला दास महंत उम्र 23 साल निवासी फगुराम सुकवासी डेरा थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़ ने पूछताछ में अपराध स्वीकार किये हैं। आरोपी महावीर ने पकड़े जाने के डर से मोबाइल और पर्स को फेंक देना बताया। आरोपियों के मेमोरेंडम पर मोटर सायकल सुपर स्प्लेण्डर क्र. सी0जी0 13 ए0के0 0397, एक लैपटाप एच.पी. कंपनी का बरामद कर जप्त किया गया है। दोनों आरोपियों को लूट के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया है। आरोपियों की पतासाजी, गिरफ्तारी में टीआई जूटमिल राम किंकर यादव, सहायक उप निरीक्षक शशिदेव भोय, आरक्षक लखेश्वर पुरसेठ की अहम भूमिका रही है।